# यूपीआइटीएस में युवा उद्यमियों को भी मिलेगा व्यापार का नया मंच

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊः ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्स्पो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में प्रदेश के युवा उद्यमियों को भी व्यापार बढ़ाने का नया मंच मिलेगा। व्यापार मेले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत सफल उद्यमियों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका दिया जाएगा। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

एमएसएमई विभाग की तरफ से यूपीआइटीएस में उत्पादों के प्रदर्शन के लिए सफल युवा उद्यमियों को चिह्नित किया जा रहा है। इन्हें बीटूबी (बिजनेस टू बिजनेस) बैठकों व गोल मेज सम्मेलन में भी शामिल होने के मौका दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर युवा उद्यमियों के नवाचारों को भी व्यापार मेले में आने वाले अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के सामने पेश किया जाएगा, जिससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इसके लिए युवा उद्यमियों की अलग से सूची तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर बीती 24 जनवरी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना का शुभारंभ किया था। योजना के तहत युवाओं को पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी व ब्याज के दिया जा रहा है। अभी तक दो लाख से अधिक युवाओं ने ऋण के लिए आवेदन किया है। इनमें से 84,426 युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा 3,431 करोड़ का ऋण भी वितरित कर दिया गया है। इनमें 60,005 युवक व 24,421 युवतियां शामिल हैं।

## जीबीसी की तैयारियों में जुटा औद्योगिक विकास विभाग

औद्योगिक विकास विभाग ने नवंबर में निवेश को लेकर होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह (जीबीसी) की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संदर्भ में सभी विभागों से निवेश के संबंध में प्रस्ताव मांगे गए हैं। अभी तक 2.5 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव औद्योगिक विकास विभाग को प्राप्त हो चुके हैं। इस बार पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य औद्योगिक विकास विभाग ने रखा है। औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने 32 विभागों व छह औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी है कि उनके पास जीबीसी के लिए कितने प्रस्ताव तैयार हैं। इसी वर्ष दिसंबर व मार्च 2026 तक कितने और प्रस्ताव तैयार होने की उम्मीद है।